# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेल- spsrn-up@nic.in


दिनांक -09.09.2026

## प्रेस-नोट, जनपद भदोही

***◆ थाना गोपीगंज व स्वाट/सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम को मिली बड़ी सफलता, साइबर ठगी एवं अन्य अपराधिक कार्यो में प्रयुक्त मोबाइलों को साइबर ठगी हेतु खपाने वाले अंतर्राज्यीय अभियुक्त गिरफ्तार***

***◆ 889 मोबाइल फोन (एंड्रॉयड/कीपैड), 923 सक्रिय/फर्जी सिम कार्ड, भारी मात्रा में मोबाइल स्क्रैप पार्ट्स एवं ₹1,120/- नगदी के साथ अंतर्राज्यीय शातिर गिरफ्तार***

***◆ कबाड़/चोरी के मोबाइल पार्ट्स को असेंबल कर साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराने व पहचान छिपाकर ठगी कराने का था नेटवर्क***

**संक्षिप्त विवरण:-**

जनपद भदोही में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के क्रम में थाना गोपीगंज पुलिस व जनपदीय स्वाट/सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर खास की सटीक सूचना पर साइबर ठगी एवं अन्य अपराधिक कार्यो में प्रयुक्त मोबाइलों व सिम कार्डों के अवैध नेटवर्क में लिप्त अंतर्राज्यीय अभियुक्त अजीजुल को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। अभियुक्त के कब्जे से 02 बोरियों में विभिन्न कंपनियों के कुल 889 मोबाइल फोन (स्मार्टफोन, टैबलेट एवं कीपैड), 01 बोरी में 923 सिम कार्ड, भारी मात्रा में मोबाइल स्क्रैप पार्ट्स (मदरबोर्ड, डिस्प्ले स्क्रीन आदि) तथा ₹1,120/- नगद व 01 वीवो मोबाइल फोन बरामद किया गया।

**गिरफ्तारी व विधिक कार्यवाही का विवरण:-**

**श्री अभिनव त्यागी,** पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में अपराधियों व साइबर नेटवर्क के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत **श्री शुभम अग्रवाल,** अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में दिनांक 09.09.2026 को थाना गोपीगंज व सर्विलांस टीम द्वारा अंतर्राज्यीय अभियुक्त अजीजुल पुत्र सागर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से बरामद भारी मात्रा में मोबाइल फोन, सिम कार्ड व स्क्रैप पार्ट्स के आधार पर थाना गोपीगंज पर **मु0अ0सं0-370/2026, धारा-317(2)/317(5) बीएनएस** के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अंतर्राज्यीय अभियुक्त का विवरण:-**

अजीजुल पुत्र सागर, निवासी सासापाड़ा, थाना कांटी, जिला मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल), हाल पता- नई बस्ती, कस्बा व थाना गोपीगंज, जनपद भदोही (उम्र करीब 29 वर्ष)।

**बरामदगी का विवरण:-**

कुल 889 मोबाइल फोन (293 स्मार्ट/एंड्रॉयड मोबाइल फोन व टैबलेट तथा 596 कीपैड मोबाइल फोन),923 सिम कार्ड (विभिन्न टेलीकॉम कंपनियों के), भारी मात्रा में मोबाइल स्क्रैप पार्ट्स (मदरबोर्ड, आईसी, स्क्रीन, चेसिस आदि),₹1,120/- नगद, 01 मोबाइल फोन वीवो कंपनी

**पूछताछ व साइबर एंगल का अनावरण:-**

पूछताछ में अभियुक्त ने खुलासा किया कि वह पश्चिम बंगाल से आकर कस्बा गोपीगंज की नई बस्ती में किराये पर रहकर कबाड़ व चोरी के मोबाइल फोन औने-पौने दामों में खरीदता था। इन पुराने व खराब मोबाइलों के उपयोगी पार्ट्स (मदरबोर्ड, डिस्प्ले, कैमरा आदि) को अलग कर असेंबल किया जाता था तथा कस्टमाइज्ड/क्लोन फोन तैयार किए जाते थे। बरामद मोबाइल फोन, सिम कार्ड एवं स्क्रैप पार्ट्स का उपयोग संभावित रूप से साइबर अपराध में किए जाने की आशंका के दृष्टिगत इनकी तकनीकी जांच की जा रही है। पुराने मोबाइलों से उपलब्ध डेटा एवं डिजिटल पहचान का दुरुपयोग कर फर्जी कॉल, लिंक अथवा अन्य साइबर अपराध किए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। बरामद सिम कार्ड, आईएमईआई एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच के माध्यम से साइबर अपराध से जुड़ी संभावित कड़ियों का पता लगाया जा रहा है।

**गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीमः-**

**टीम-01** उ0नि0 राम ध्यान यादव, उ0नि0 शशांक बाजपेई, का0 अतुल जायसवाल, का0 सुनील वर्मा, का0 मनोज यादव, थाना गोपीगंज का0 कन्हैया कुमार सिंह (साइबर एक्सपर्ट)।

**टीम 02-** उ0नि0 राजकुमार पाण्डेय (प्रभारी स्वाट/सर्विलांस सेल), हे0कां0 राधेश्याम कुशवाहा, हे0कां0 धीरेन्द्र श्रीवास्तव, हे0कां0 बृजेश सूर्यवंशी, हे0कां0 नागेन्द्र यादव, कां0 गोपाल खरवार, कां0 नीरज यादव, कां0 राघवेन्द्र कुशवाहा, कां0 मन्नू सिंह, कां0 सुनील पाल, कां0 सुनील कन्नौजिया, कां0 हिमांशु सिंह, कां0 दीपक यादव, कां0 प्रत्युष पाठक स्वाट/सर्विलांस सेल